# हंगामा के बीच नपा की बैठक में 65 प्रस्ताव पारित

**खास बातें**

- नाराज पार्षद ने एजेंडे की कॉपी फाड़कर अध्यक्ष की ओर फेंकी, भेदभाव का लगाया आरोप
- बैठक में पार्षदों के बीच हुई तीखी बहस




नवभारत न्यूज

**सिरोंज 7 जनवरी, नगरपालिका कार्यालय में बुधवार को आयोजित नगर पालिका परिषद की बैठक में जमकर हंगामा बरपा. बैठक के दौरान पार्षद रामदयाल विश्वकर्मा ने उनकी सुनवाई ना होने तथा उनके वार्ड में विकास कार्य में भेदभाव का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताते हुए एजेंडे की कापी को फाड़कर अध्यक्ष की ओर फेंक दिया. बैठक के दौरान पार्षदों के बीच जमकर बहस होती दिखी. वही नपा अध्यक्ष एवं सीएमओ ने पार्षद के इस व्यवहार पर नियम अनुसार कार्रवाई करने की बात कही. बैठक में भारी हंगामा के बीच सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बैठक के विषय पड़े. जिसके बाद बैठक में हंगामा के बीच पार्षदों ने 65 प्रस्ताव को स्वीकृत कर दिया.**

नगर पालिका परिषद की बैठक में बुधवार को पार्षदों के बीच तीखी बहस होती दिखी. बैठक में पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र जैन ने नामांतरण प्रकरण में देरी होने से जनता को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाकर नामांतरण प्रकरणों के लिए प्रतिमाह बैठक करने की बात कही. जबकि नपा में नेता प्रतिपक्ष नदीम खान नद्दू ने बैठक में शाखा प्रभारियों के उपस्थित न होने का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि शाखा प्रमुखों के उपस्थित न होने के कारण पार्षदों को जानकारी नहीं मिल पा रही है. उन्होंने पूर्व की बैठकों में स्वीकृत प्रस्तावों पर हुई कार्रवाई के बारे में भी जानकारी मांगी. उन्होंने कहा कि शहर में कई जगह हैंडपंप एवं चैंबर में नाली का पानी जा रहा है. जिसके लिए एक विशेष टीम बनाकर जांच कराई जावे. जिसपर सीएमओ ने बताया कि नगर पालिका द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया है. वहीं नेता प्रतिपक्ष नदीम खान ने तालाब के विकास का भी मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि वर्तमान में तालाब में गंदा पानी आ रहा है. शहर के बीच में एक अच्छी झील होने के बावजूद उसके हालत बदतर है. उसको स्वच्छ तालाब, पिकनिक स्पॉट, वोट क्लब के रूप में विकसित किया जा सकता है. जबकि पार्षद रामदयाल विश्वकर्मा ने आरोप लगाया कि तालाब में करोड़ों की राशि खर्च की गई है. बावजूद इसके वह दुर्दशा का शिकार है. वही पार्षद रमदयाल विश्वकर्मा ने आरोप लगाया कि नगरपालिका शहर की सीमा के बाहर कॉलोनी में कार्य करा रही है. जबकि उनके वार्ड में इकरा कॉलोनी में विकास कार्य नहीं कराये जा रहे है. इस बीच काफी गहमागहमी का माहौल बन गया. जिसपर पार्षद रामदयाल विश्वकर्मा ने उनके वार्ड में विकास में भेदभाव का आरोप लगाते हुए एजेंडे के कागज को फाड़कर अध्यक्ष की ओर फेंक दिया. इसके बाद बैठक में पार्षदों के बीच तीखी बहस होती दिखी. बैठक में नपा के सामने तालाब की रिवाइज डीपीआर बनवाने, वर्तमान नपा भवन एवं नपा के सामने स्थित सीएमओ निवास भवन को तोड़कर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण कराने, बासौदा नाका स्थित कांजी हाउस के स्थान पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स शैक्षणिक हाल निर्माण एवं ई लाइब्रेरी का नामकरण पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा लाइब्रेरी करने, गीता भवन का प्रोजेक्ट तैयार करने एवं स्वीकृति उपरांत आगामी प्रक्रिया करने, सड़क सुरक्षा, चौराहा चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण करने, आगामी 5 वर्षों के लिए वार्ड अनुसार एवं विजन डॉक्यूमेंट की कार्य योजना बनाने, नया नगर पालिका भवन बनाने, कुरवाई रोड स्थित पं. चंद्रमोहन शर्मा सभागार के बाहर दुकान निर्माण हेतु प्राप्त दर स्वीकृत करने, वार्ड 21 में नगरपालिका वाहन पार्किंग हेतु शेड निर्माण में प्राप्त दर की स्वीकृति, नवीन सब्जी मंडी में हाट बाजार हेतु शेड निर्माण, ईदगाह की मुख्य सीढ़ी से डामर रोड तक सीसी निर्माण एवं समतलीकरण कार्य आदि के प्रस्ताव को भी स्वीकृत किया गया. वहीं वार्ड 21 में लटेरी रोड ब्रह्मघाट पहुंच मार्ग हेतु तथा वार्ड 20 कार्तिक घाट मंदिर पहुंच मार्ग पर कैथन नदी पर गुंबद वाली मस्जिद के पास पुल का निर्माण करने, थाने के सामने स्थित कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल का प्लास्टर कार्य करने, कुरवाई रोड स्थित पं. चंद्रमोहन सभागार की मरम्मत एवं निर्माण कार्य करने, वार्ड 21 लटेरी रोड स्थित पं. लक्ष्मीकांत शर्मा पार्क की बाउंड्रीबाल निर्माण करने, आरोन रोड नसिया के सामने नमो उद्यान पार्क निर्माण करने के प्रस्ताव, तीनखुटा स्थित नपा शादी हाल को तोड़कर नवीन तीन मंजिला शादी हाल निर्माण करने, दरीबालान कब्रिस्तान में लाइट लगाने, रैदास पथ में जर्जर कम्युनिटी हॉल तोड़कर नवीन दो मंजिला कम्युनिटी हॉल निर्माण करने, वार्ड 13 में रोहिलपुरा में स्थित पुलिया से प्रकाश के खेड़े तक नवीन नाला निर्माण करने के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया. साथ ही शहर के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड एवं नाली निर्माण के प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी गई.

## शहर की बढ़ेगी सीमा, लगेगी ट्रैफिक लाइट

बैठक में नगर सिरोंज की जनगणना के पूर्व चारों ओर सीमा वृद्धि किए जाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई. सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि शहर की सीमा वृद्धि के प्रस्ताव को तैयार कर शासन को भेजा जावेगा. इसके साथ ही शहर में ट्रैफिक लाइट लगाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई. वहीं बासौदा रोड या कुरवाई रोड पर हेलीपैड निर्माण को भी स्वीकृत किया गया. उन्होंने बताया कि बैठक में ग्राम जलालपुर ग्राम पंचायत झूकर में कामधेनु मॉडल गौशाला आरईएस द्वारा निर्मित श्री कृष्ण गौशाला दो नगर पालिका द्वारा संचालित किए जाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई. उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति हेतु कलेक्टर को भेजा जावेगा. बैठक में शहर में कचरा एकत्रित करने हेतु दो नग ट्रैक्टर ट्राली खरीदने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई. साथ ही नवीन सब्जी मंडी में नवीन कर आरोपित किए जाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई. सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि नवीन सब्जी मंडी में थोक का व्यापार करने वाले दुकानदारों से एक सौ रुपए प्रतिदिन की दर से कर आरोपित किए जाने का प्रस्ताव है.

## शहर के चार मार्गों के नामकरण को मिली मंजूरी

बैठक में वलेजा पेट्रोल पंप से छत्री नाका तक रोड का नामकरण पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग किए जाने, लटेरी नाके से पोस्ट ऑफिस तिराहे तक रोड का नामकरण भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर मार्ग किए जाने, पॉलिटेक्निक तिराहे से पंचकुईयां होते हुए नीलकंठ ईदगाह के सामने से आरोन रोड तक का नामकरण पूर्व मंत्री पं. लक्ष्मीकांत शर्मा मार्ग किए जाने, कोर्ट गेट से लटेरी रोड स्थित न्यू स्टार पेट्रोल पंप के पास स्थित नवी अकरम कलंदरी मस्जिद तक रोड का नामकरण पूर्व मंत्री डॉ. शरीफ मास्टर मार्ग रखे जाने के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया.

## शहर में लगेगी महापुरुषों की प्रतिमाएं

बैठक में वार्ड 19 कन्या विद्यालय प्रांगण में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापना, एलबीएस कॉलेज में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मूर्ति स्थापना सहित शहर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति स्थापना, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति स्थापना, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति स्थापना, राजा शंकर सिंह जी सेंगर की प्रतिमा स्थापना, महाराजा छत्रसाल जी की मूर्ति स्थापना के प्रस्ताव को भी स्वीकृत किया गया. साथ ही नपा भवन के सामने सुभाष चंद्र बोस रोटरी को चारों ओर से ऊंचा करके सीसी एवं सौंदर्यीकरण कार्य के प्रस्ताव को भी स्वीकृत किया गया. सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि शहर में महापुरुषों की मूर्ति स्थापना के लिए प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति हेतु शासन को भेजा जावेगा.

### बनेगा नवीन खेल मैदान, होगा खेल महोत्सव

बैठक में शहर में एक नवीन खेल मैदान बनाए जाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृत किया गया. सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि खेल मैदान के लिए राजस्व विभाग से जमीन की मांग हेतु कार्यवाही की जावेगी. इसके साथ ही शहर में प्रतिवर्ष नगर के सभी स्कूलों का खेल महोत्सव भी कराने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है.

### शहर में दिन में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध

बैठक में शहर में भारी वाहनों के प्रवेश निषेध की समय सारणी का प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई. सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि शहर में सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा. इसके लिए बासौदा रोड पर बाईपास, रोहिलपुरा चौराहा, लटेरी नाका सहित प्रमुख मार्गों पर व्यवस्था कर शहर में दिन में भारी वाहनों की आवाजाही को रोका जावेगा. साथ ही शहर में ट्रांसपोर्ट नगर भी बनाया जावेगा. जिसके प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई.

### अलीगंज पर लगेगा प्राचीन मेला, शहर में होंगे सौंदर्यीकरण के कार्य

बैठक में अलीगंज भैरव पठार पर परंपरागत पशु मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृत किया गया. बीते कई सालों से यह मेला नहीं लग रहा था. परिषद द्वारा इस मेले को फिर से शुरू करने के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया. साथ ही अमृत 2.0 हरित अभियान अंतर्गत समस्त पार्कों का सौंदर्यीकरण एवं पौधारोपण कराने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई.



# राम जी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारों के साथ रघुवंशी समाज का प्रदर्शन

## युवक की गिरफ्तारी की मांग

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, सिरोंज में आयोजित हुई एक सार्वजनिक सभा के दौरान भगवान श्रीराम एवं माता सीता पर की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में बुधवार को नगर में बड़ी संख्या में रघुवंशी समाज का आक्रोश सड़कों पर देखने को मिला.भीम आर्मी द्वारा सिरोंज में आयोजित की गई एक सभा में युवक द्वारा की गई भगवान राम जी पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ समाजजनों ने एकजुट होकर पैदल मार्च निकाला और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपकर संबंधित युवक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की.कार्रवाई न होने पर समाज ने ज्ञापन के माध्यम से पूरे प्रदेश भर में उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी.**

बुधवार को बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में में समाज जन एकत्रित हुए। इसके बाद बड़ी संख्या में रघुवंशी समाज समाज जन चेहरे पर आक्रोश और मन में पीड़ा लिए पैदल मार्च करते हुए जय स्तंभ चौक से होते हुए तहसील परिसर पहुंचे। पैदल मार्च के दौरान वातावरण राम जी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान,सनातन धर्म का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, हिंदू देवी-देवताओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारों से गूंजता रहा. नारों के माध्यम से समाजजनों ने स्पष्ट संदेश दिया कि सनातन धर्म और आराध्य देवों के अपमान को किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा. तहसील परिसर पहुंचकर समाजजनों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सार्वजनिक मंच से भगवान श्रीराम एवं माता सीता पर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे करोड़ों सनातनियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। ज्ञापन में समाजजनों ने यह भी उल्लेख किया कि कथित युवक द्वारा सार्वजनिक मंच से दिए गए बयान न केवल भगवान श्रीराम एवं माता सीता के प्रति अमर्यादित हैं, बल्कि महिला-विरोधी मानसिकता को भी दर्शाते हैं. ज्ञापन के अनुसार युवक ने सभा के दौरान महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक शब्दों और तुलना का प्रयोग किया, जिनके वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं.इससे न केवल सनातन धर्म की आस्था को ठेस पहुंची है, बल्कि समाज में महिलाओं के सम्मान और गरिमा पर भी गंभीर आघात हुआ है.इस प्रकार के बयान समाज में वैमनस्य फैलाने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का कार्य करते हैं. ज्ञापन का वाचन पूर्व मंत्री वीर सिंह रघुवंशी द्वारा किया गया. उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की टिप्पणियां समाज को बांटने और टकराव की स्थिति पैदा करने वाली हैं. इस मौके पर विधायक हरि सिंह रघुवंशी, पूर्व संसदीय सचिव अजय सिंह रघुवंशी, अखिल भारतीय रघुवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी, जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे. सभी ने एक स्वर में कहा कि सनातन धर्म, भगवान श्रीराम एवं हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए.

## एसआईआर पठारी की मतदाता सूची से कटे 532 नाम

नवभारत न्यूज

**पठारी,** एस आई आर के सर्वे का कार्य तेजी से किया जा रहा है.पठारी के सुपरवाइजर रवि साहू ने बताया कि अकेले पठारी में 113 व्यक्ति मृत, 326 पलायन, 14 के दो स्थानों पर नाम एवं 79 अनुपस्थित पाए गए जिसके कारण 532 लोगों के नाम काटे गए हैं और 82 लोगों को नोटिस भेज कर साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं जो पठारी तहसील में आकर अपना जवाब दे रहे हैं.पठारी में इसके पूर्व लगभग 6785 मतदाता थे जो अब लगभग 6253 रह जाएंगे.एसडीएम मनीष जैन तहसीलदार अभिषेक पांडे के निर्देशन में सुपरवाइजर रवि साहू, संदीप यादव, हिम्मत सिंह चिढ़ार, अवतार सिंह दांगी, एन.पी. शर्मा अपने अपने बीएलओ के माध्यम से तहसील कार्यालय पठारी में प्रतिदिन 50 लोगों की पेशी लगवा कर साक्ष्य प्रस्तुत करने की कार्यवाही कर रहे हैं.



## टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में पठारी ने राहतगढ़ को हराया

नवभारत न्यूज

**पठारी,** स्वर्गीय सनमान सिंह यादव की स्मृति में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा है जिसके आयोजक कप्तान सिंह यादव है. क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अदनान 11 पठारी ने राहतगढ़ 11 को 6 विकेट से हरा दिया. पहले खेलते हुए राहतगढ़ 11 ने आठ ओवर में 93 रन बनाए इसके जवाब में अदनान 11 पठारी ने पांच ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया ओर मैच को जीत लिया.मैन ऑफ़ द मैच अंशुल परदेसी सागर रहे. इस मौके पर मनोज रिछारिया, देवेंद्र परिहार,डॉ सरित श्रीवास्तव, अखिलेश पंथी, हरिनेश यादव,राहुल सिंघई,मनोज सिंघई,आयोजन समिति के अध्यक्ष रोहित रिछारिया गुफरान पठान, देवेंद्र साहू, शिवकुमार यादव, गुलशन यादव, मोनू बागड़ी, शरद यादव ,अंकित साहू, नीलेश रजक, शिवा दुबे, तरुण बागड़ी, समीर पठान, मुस्ताक कुरैशी,गोपाल लोधी अनुज व्यास, अंगद यादव,रोहित यादव, कार्तिक कुशवाह, असद पठान, आशिक राइन, शिवराज ठाकुर, राजा ठाकुर, गोलू पंथी, दर्शन सोनी एवं आयोजन समिति के कई सदस्य उपस्थित थे.

## गंजबासौदा के रामलीला मेला में उमड़ रही भीड़

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा**, श्री रामलीला में आज लंका दहन का मंचन हुआ. मेला समिति के सभी पदाधिकारी सदस्यों ने भगवान श्री राम दरबार का पूजा अर्चना कर पुष्पों की वर्षा की श्री रामलीला मेला में मौत का कुआ में हैरतअंगेज कारनामे देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं.एक से बढ़कर एक झूला आए हैं तथा बाहरी दुकानदारों की सामग्री मेला में खूब बिक रही है.इसके साथ नगर पालिका परिषद द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी रखा गया है.जिसमें नगर के प्रमुख विद्यालयों के छात्र-छात्राएं आयोजनों में भागीदारी कर रहे हैं.श्री रामलीला मेला में कुश्ती भी रखी गई है जिसमें बाहर के पहलवान आ रहे हैं.मेला की रौनक बढ़ती ही जा रही है कड़ाके की ठंड में भी लोग श्री रामलीला मेला देखने पहुंच रहे हैं.

## सातवें दिवस लगे छक्के, शहीद वीरसिंह सप्रे की स्मृति में टूर्नामेन्ट जारी

नवभारत न्यूज

**कुरवाई, शहीद वीरसिंह सप्रे की स्मृति में कुरवाई के कॉलेज ग्राउन्ड में लगातार सातवें दिवस क्रिकेट टूर्नामेन्ट जारी रहा, टूर्नामेन्ट के अलग अलग राउन्ड में अतिथियों ने पहुंच कर खिलाडियों की हौसला आफजाई की, टूर्नामेन्ट के दौरान् शहीद वीरसिंह सप्रे की लघुगाथा भी उद्घोषित की गई.**

आयोजन में अतिथियों के द्वारा खिलाडियों से हाथ मिलाने के साथ ही कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर राष्ट्रगान हुआ, अतिथियों की भी आयोजन कमैटी के द्वारा गर्मजोषी से स्वागत किया गया.आयोजन का समापन आगामी 3 दिवस पश्चात् होगा। कॉलेज ग्राउन्ड में शर्द मौसम में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेन्ट के रोमांचक मुकावले में दर्षकों तालियों की गडगडाहट कर गर्मी का अनुभव किया.टूर्नामेन्ट के संयोजक पूर्व नपा उपाध्यक्ष सन्दीप सप्रे, ने बताया कि बुधवार को टूर्नामेन्ट के शुभारम्भ अवसर पर अतिथि अधिवक्ता ओमप्रकाश आर्य, एवं अतिथि पार्षद कासिफखान की मौजूदगी में हुआ. अंतिम चैथे दौर के मुकावले में टूर्नामेन्ट में में अतिथिगण पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंचमलाल सप्रे, नपा उपाध्यक्ष मौहममद इरफान काजी, अर्जुनसिंह राय, पूर्व पार्षद सरवरखां पटैल, निखिलेष सक्सैना , सोहनपालसिंह राणा, अजय सप्रे की मौजूदगी में खिलाडियों की हौसला आफजाई की गई. पहले मुकावले में अनस 11 विजयी रही, दूसरे मुकावले में एएम सिरावली विजयी रही, तीसरे मुकावले में खिरिया 11 ने मैच जीता. चौथा मुकावला फलिवर मसाला व एफको की टीम के बीच हुआ, जिसमें एफको की टीम विजेता रही.




## जयंती एवं पुण्यतिथि मना कर महापुरुषों को याद किया

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा महापुरुषों को याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई अर्पित की गई.कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने करते हुए कहा कि देश के महान बलदानी गुरु गोविन्द सिंह महान कवि भारतेन्दु हरीश चंद्र जी के व्यक्तित्व एवं कर्तव्य पर प्रकाश डाला.इस अवसर पर स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले ने महान कवि एवम साहित्य कार भारतन्दु हरीश चंद्र जी के योगदान उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह एवं खालसा पंथ की स्थापना करने वाले गुरु गोविंद सिंह और देश के लिए उनके और पुरे परिवार द्वारा बलिदान को प्रेरणादायक बतलाते हुए उनके सिद्धांतों एवं नीतियों को अपने आचरण में उतरने की आवश्यकता पर जोर दिया और उनके जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है इस अवसर पर डॉ अशोक रोहिले एवम लायंस क्लब के विजय अरोरा ने भी अपने विचार व्यक्त किये.कार्यक्रम में विशेष रूप से नामदेव समाज के कैलाश नामदेव ने पाठक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की आभार पाठक संघ के प्रभारी सतीश शिल्पकार ने किया इस अवसर पर कर फुटकर व्यापार संघ के अध्यक्ष नरेंद्र जैन घनश्याम चौरसिया डॉ अंशुल रोहले,नंदकिशोर सोनी ,मोहन सैनी आदि उपस्थित थे.

# इंदौर गंदे पानी कांड पर मंत्री के बयान का विरोध

## शिवसेना ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सांची, इंदौर में गंदे पानी की आपूर्ति से हुई 15 मौतों के मामले को लेकर शिवसेना ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान पर कड़ा विरोध जताया है.शिवसेना की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपकर मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की गई.**



ज्ञापन में कहा गया है कि पत्रकार द्वारा जनहित से जुड़े सवाल पूछने पर मंत्री का आपत्तिजनक बयान लोकतांत्रिक मूल्यों और पत्रकारिता की गरिमा के खिलाफ है.शिवसेना ने इस पूरे मामले में मंत्री की भूमिका तय करने, सार्वजनिक रूप से निंदा करने और नैतिक जिम्मेदारी के तहत इस्तीफे की मांग की है. दूसरी ओर शिवसेना ने जबलपुर में हुए जैन समाज के शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगो पर लाठी चार्ज की निंदा करते हुए तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया. जैन समाज पर हुए लाठीचार्ज की घटना को लेकर शिवसेना ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है.इसी क्रम में शिवसेना पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सांची में प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए घटना की निष्पक्ष जांच तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की.शिवसेना नेताओं ने कहा कि जैन समाज द्वारा किया जा रहा प्रदर्शन शांतिपूर्ण था, इसके बावजूद बल प्रयोग किया जाना निंदनीय है.यह घटना न केवल एक शांतिप्रिय समाज की भावनाओं को आहत करती है, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि पीड़ितों को न्याय मिले और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो.शिवसेना ने प्रशासन को चेताया कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन जनभावनाओं के अनुरूप आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होगा.


**नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक आज दुर्गा नगर में**

आपके जीवन को सुरक्षित रखने का उद्देश्य लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाने देहदानी विकास पचौरी विदिशा के घर-घर जाकर सभी का नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक करबा रहे हैं। आपके घर के पास सेवा वाहन आने पर कृपया सभी उम्र के बच्चे, भाई-बहन एवं बुजुर्ग अपने ब्लड ग्रुप की जाँच कराकर परिचय कार्ड बनवाकर अपने भारत देश का नाम विश्व में रौशन करने में योगदान दें।


**लापरवाही** — लगातार बिजली गुल होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त, धार्मिक आयोजनों और पर्यटन पर भी पड़ रहा प्रतिकूल असर

# सांची में बिजली की आंखमिचौली से जनता त्रस्त, ऐतिहासिक स्थल की व्यवस्था बेहाल

नवभारत न्यूज

**सांची,विश्व धरोहर घोषित ऐतिहासिक नगरी सांची में बिजली की आंखमिचौली थमने का नाम नहीं ले रही है. विकास और व्यवस्थाओं को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है.अनियमित बिजली आपूर्ति के चलते नगरवासी भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं, वहीं जिम्मेदार अधिकारी अपनी जवाबदेही से मुंह फेरते दिखाई दे रहे हैं.**



जानकारी के अनुसार सांची जैसे अंतरराष्ट्रीय पहचान वाले स्थल पर बिजली व्यवस्था कब आए और कब जाए, इसका कोई भरोसा नहीं रहता. वर्ष भर बिजली मरम्मत कार्य के नाम पर खुदाई और सुधार की बातें की जाती हैं, बावजूद इसके व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही. विशेषकर जब नगर में कोई सांस्कृतिक या धार्मिक आयोजन होता है, तब तो घंटों बिजली गायब रहना आम बात हो जाती है.इन दिनों नगर में वार्षिक ऐतिहासिक रामलीला का आयोजन चल रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंच रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है. कड़ाके की ठंड के मौसम में भी घंटों बिजली गुल रहना मंडल अधिकारियों की लापरवाही को उजागर करता है.बिजली गुल होने से जलप्रदाय व्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाती है. वहीं सरकारी और निजी संस्थानों में लागू ऑनलाइन एवं कंप्यूटरीकृत कार्यप्रणाली भी बिजली पर निर्भर है, ऐसे में बिजली बाधित होते ही पूरा तंत्र ठहर जाता है. उपभोक्ताओं पर बिजली बिलों का दबाव लगातार बढ़ रहा है, जबकि स्मार्ट मीटर लगाने की जल्दबाजी के बीच मूल व्यवस्था सुधारने पर कोई ठोस ध्यान नहीं दिया जा रहा.बिजली अव्यवस्था का सीधा असर देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों पर भी पड़ रहा है, जिससे न केवल नगर बल्कि प्रदेश और देश की छवि को भी नुकसान पहुंच रहा है. स्थानीय लोगों में इसे लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है, लेकिन वरिष्ठ अधिकारी मानो पूरी तरह बेफिक्र होकर इस ऐतिहासिक स्थल की व्यवस्था भगवान भरोसे छोड़ चुके हैं.अधिकारी हमेशा मरम्मत की बात कहकर पल्लू झाडते दिखाई दे जाते है.विश्व धरोहर सांची में बिजली जैसी बुनियादी सुविधा की बदहाली, जिम्मेदारों के दावों और हकीकत के बीच की खाई को साफ उजागर कर रही है.

## कृषि विभाग ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बांटे मसूर के मिनी किट

नवभारत न्यूज

**ग्यारसपुर, किसानों को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ग्यारसपुर कृषि विभाग द्वारा मसूर फसल के मिनी किट ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वितरित किए गए. यह वितरण कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी रुपेश बघेल के निर्देशन में किया गया.**

जानकारी के अनुसार मसूर के कुल 2100 मिनी किट कृषि विभाग को प्राप्त हुए थे, जिनमें से लगभग 200 मिनी किट ग्यारसपुर विकासखंड की करीब 20 ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों एवं सरपंचों की मौजूदगी में किसानों को वितरित किए गए.कृषि विभाग द्वारा पहले चरण में कुछ किट कार्यालय से किसानों को आधार कार्ड और भूमि की किताब के सत्यापन के बाद दिए गए.शेष किट ग्राम पंचायत स्तर पर वितरित किए गए ताकि पात्र किसानों, विशेषकर गरीब एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के किसानों को बिना किसी परेशानी के बीज किट मिल सकें.विभिन्न पंचायतों में जनप्रतिनिधियों द्वारा वितरण किया गया. ग्राम पंचायत वन में सुरेश कुमार सिसोदिया द्वारा 200 बीज किट वितरित किए गए. ग्राम पंचायत में दीपिका अडलक, गोपाल बघेल, रविंद्र दांगी, वैशाली पांडे, अंकित पटेल, चंद्रकांत सिलावट, निशि जैन तथा मानोरा ग्राम पंचायत में गोलन दास बघेल (एईओ) द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में बीज किट किसानों को प्रदान किए गए.